**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 17 मई 2024, समय 1810 (10 मिनट))**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल हरियाणा के अंबाला और सोनीपत में बी जे पी प्रत्याशियों के लिए समर्थन जुटाने हेतु दो विशाल जनसभाओं को संबोधित करेंगे।
- हरियाणा में चुनाव प्रचार शिखर पर पहुंचा।
- भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य कृष्ण लाल पंवार ने कांग्रेस पर संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने को लेकर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया।
- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि 25 मई को सुचारू मतदान के लिए, मतदान केंद्रों पर विशेष प्रबंध किये जा रहे हैं।
- हरियाणा में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उपमंडल स्तर पर एक-एक युवा मतदान केंद्र बनाया गया।
- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने डाक मत-पत्रों की गणना के लिए पर्याप्त संख्या में स्कैनर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
-

.............................................................................................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल हरियाणा के अंबाला और सोनीपत में बी जे पी प्रत्याशियों के लिए समर्थन जुटाने हेतु दो विशान जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

हमारे संवादाता अश्विनी कुमार शर्मा ने बताया है कि प्रधानमंत्री की जनसभाओं के मद्देनज़र सोनीपत और अंबाला में सुरक्षा के मद्देनज़र चौकसी बढ़ा दी गई है। अंबाला में धारा 144 लगाई गई है और ड्रोन आदि उड़ाने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

सोनीपत की जनसभा में श्री मोदी करनाल एवं सोनीपत सहित विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों से बी जे पी उम्मीदवारों को जिताने की अपील करेंगे, तो अंबाला रैली में अंबाला एवं कुरूक्षेत्र से बी जे पी प्रत्याशियों के लिए समर्थन जुटायेंगे।

.......................................................................................

हरियाणा में चुनाव प्रचार शिखर पर पहुंच गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक चुनावी रण में अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए मैदान में उतर रहे हैं।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने करनाल शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से बी जे पी को वोट देने की अपील की। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने दावा किया कि करनाल में लोगों से भरपूर समर्थन मिल रहा है और लोगों द्वारा दिया गया एक-एक वोट श्री मोदी और उन्हें ताकत प्रदान करेगा।

उन्होंने देश व प्रदेश में हुए विकास का जिक्र करते हुए कहा कि देश श्री मोदी के नेतृत्व में ही आगे बढ़ सकता है।

उधर फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से बी जे पी प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने आज पलवल विधानसभा क्षेत्र के गांव पातली में जनसभा को संबोधित किया और 25 मई को बी जे पी के पक्ष में वोट डालने की अपील की।

इस अवसर पर विधायक दीपक मंगला और डॉ. हरेंद्र पाल राणा भी उपस्थित रहे।

हिसार लोकसभा क्षेत्र से बी जे पी प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला ने आज नलवा हलके के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया। गांवों में गर्मी के बावजूद उनकी सभाओं में काफी भीड़ रही।

श्री चौटाला ने कहा कि देश की मतबूती और विकास के संकल्प के साथ जनता श्री मोदी का साथ दे रही है।

वित्त मंत्री जय प्रकाश दलाल ने भिवानी जिले के लोहारू क्षेत्र के विभिन्न गांवों में लोगों को संबोधित किया और बी जे पी प्रत्याशी धर्मबीर सिंह को भारी बहुमत से जिताने की अपील की।

फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप ने पलवल जिले के गांव फुलवाड़ी में जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने अपने प्रचार के दौरान महंगाई और बेरोज़गारी का मुद्दा उठाया और बी जे पी सरकार पर जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर, विपक्ष को दबाने का आरोप लगाया।

..................................................................................

भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य कृष्ण लाल पंवार ने कांग्रेस पर देश की जनता को गुमराह व दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस पार्टी के नेता बार-बार बयान दे रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर सत्ता में आई तो देश के संविधान को बदल देगी और अनुसूचित जाति-जनजाति के आरक्षण को खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 100 से अधिक बार संविधान में संशोधन किया है।

श्री कृष्ण लाल पंवार आज रोहतक में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि आजादी के बाद कांग्रेस पार्टी ने संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर को सबसे ज्यादा अपमानित किया। जबकि वर्ष 1990 में जब गैर कांग्रेसी सरकार थी तब अटल बिहारी वाजपेयी व लाल कृष्ण आडवाणी के प्रयासों से ही मरणोपरांत डा. भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न दिया गया। उन्होंने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर ने तो जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 लगाए जाने का भी विरोध किया था।

................................................................................................

भारतीय किसान मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कंडेला खाप के प्रधान टेकराम कंडेला ने आज कुरूक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से इनेलो उम्मीदवार अभय सिंह चौटाला को अपना समर्थन दिया।

श्री कंडेला ने कहा कि संगठन के लोगों की सहमति के बाद यह निर्णय लिया गया कि किसान आंदोलन में साथ देने वालो का चुनाव में पूर्ण रूप से साथ देंगे।

................................................................................................

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि 25 मई को सुचारू ढ़ग से मतदान के लिए मतदान केंद्रों पर विशेष प्रबंध किये जा रहे है।

श्री अग्रवाल ने प्रदेश के 2 करोड़ 76 हज़ार 441 मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील करते हूए कहा कि उनकी सुविधा के लिए Voter in Queue ऐप काफी मददगार रहेगी। इस ऐप से ब्लॉक लैवल अधिकारी मतदान के लिए पंक्ति में लगे लोगों की जानकारी देता रहेगा। लोग अपनी सुविधा के अनुसार लंबा इंतजार किये बिना, मतदान कर सकेंगे और मतदान केंद्रों पर अधिक भीड़ भी लहीं रहेगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि गर्मी के मौसम का मतदान पर असर न हो इसके लिए मतदान केंद्रों पर विशेष प्रबंध किये गए हैं। चुनाव प्रबंध में लगे अधिकारियों द्वारावहां छाया के लिए टैंट, पंखो, पीने के ठंडे पानी सहित सभी मूलभूत सुविधायें सुनिश्चित की जायेगी।

गर्मी से बचाव के लिए किये जा रहे प्रबंधों की और जानकारी देते हुए सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकरी श्रीमती आंचल गर्ग ने बताया:-

................................................................................................

हरियाणा में 25 मई को मतदान के लिए उपमंडल स्तर पर एक एक युवा मतदान केंद्र बनाया गया है जिस पर युवा अधिकारी व कर्मचारी ही तैनात किये जायेंगे।

जींद के अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप के जिला अधिकारी डॉ. हरीश वशिष्ठ ने आज आकाशवाणी समाचार को बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा देशभर में की गई इस अनूठी पहल का उद्देश्य युवाओं की मतदान में भागीदारी बढ़ाना है। डॉ. हरीश ने बताया:-

डॉ. हरीश ले कहा कि यह बूथ बनाने का मकसद विभिन्न वर्गों के मतदाताओं को संविधा प्रदान करना और मतदान के लिए आकर्षित करना है।

......................................................................................

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने अधिकारियों को सर्विस वोटर से प्राप्त डाक मत-पत्र की गणना के लिए पर्याप्त संख्या में स्कैनर की उपलब्धता सुनिश्चित करने और अलग से सहायक निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति करने के निर्देश दिए हैं।

श्री अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश में सर्विस वोटर की संख्या एक लाख 11 हज़ार 58 है और उनसे प्राप्त डाक मत-पत्रों की गणना इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों से पहले की जानी है। उन्होंने बतायाकि अलग से नोडल अधिकारी की नियुक्ति इसलिए जरूरी है क्योंकि डाक मत-पत्र जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज़ से ड्यूटी पर तैनात मतदाता व अन्य कर्मचार और गैर हाज़िर मतदाता की गणना की जाती है।

......................................................................................